जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

23/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने मनाया पृथ्वी दिवस: विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने की शपथ ली ।

दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अर्थशास्त्र विभाग के सबजेक्ट एसोशिएशन द्वारा पृथ्वी दिवस पर संकाय सदस्यों की एक वार्ता श्रृंखला का आयोजन किया गया । विभाग के मॉडल क्लास रूम में पोस्टर प्रतियोगिता क अभी आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में जामिया के बी.ए. (ऑनर्स), एम.ए. अर्थशास्त्र, एमएससी बैंकिंग एवं वित्तीय विश्लेषण और बी.ए प्रोग्राम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

पृथ्वी दिवस समारोह की शुरुआत जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अशरफ़ इलियान के बीज वक्तव्य से हुई। उन्होंने दर्शकों को यह बताया कि सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने विश्व में पृथ्वी दिवस समारोह मनाए जाने की शुरुआत और उसकी प्रगति के बारे में बताया।

प्रत्येक वर्ष पर्यावरण संबंधी अलग-अलग मुद्दों पर पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस समारोह का विषय "ग्रह बनाम प्लास्टिक" है जो हमारे ग्रह से प्लास्टिक को तत्काल खत्म करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है क्योंकि प्लास्टिक का पर्यावरण पर विनाशकारी पर्यावरणीय प्रभाव पड़ता है। इस वर्ष के अंत तक संयुक्त राष्ट्र एक प्लास्टिक प्रतिबंध संधि लेकर आने वाला है जिसके अंतर्गत वर्ष 2040 तक दुनिया में प्लास्टिक उत्पादन में 60 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रभावित किया।

कार्यक्रम में अपनी बात रखें वाले विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. वसीम अकरम, डॉ. मोहम्मद जकारिया सिद्दीकी, डॉ. मोहम्मद काशिफ एवं डॉ. शादाब खान ने पारिस्थितिक और सामाजिक स्थिरता पर ध्यान दिए बिना आर्थिक लक्ष्यों पर बल देने के प्रतिकूल प्रभावों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे : प्रथम पुरस्कार: सुश्री हिसा एम नक़्विन एवं मरियम खान (बी.ए. ऑनर्स चतुर्थ सेमेस्टर), द्वितीय पुरस्कार: अलीज़ा फातिमा एवं सैयद अदीबा (बी.ए. ऑनर्स चतुर्थ सेमेस्टर), तृतीय पुरस्कार: मोहम्मद दिलशाद (बी.ए. ऑनर्स चतुर्थ सेमेस्टर) और सांत्वना पुरस्कार प्राप्तकर्ता रहे - मनहिल आरिफ़, एमएससी बीएफए (द्वितीय सेमेस्टर) और आबिद रज़ा काज़मी (बी. ए. ऑनर्स VI सेमेस्टर) ।

जामिया के विभिन्न विद्यालयों में भी पृथ्वी दिवस मनाया गया। मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल के छोटे- छोटे बच्चों ने एक कार्यक्रम में भाग लिया जहां उन्होंने इस दिन के महत्व को उजागर करने हेतु अपने और अपने शिक्षकों द्वारा बनाए गए विभिन्न पोस्टर प्रदर्शित किए। पर्यावरण की सुरक्षा, वन संरक्षण तथा पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु जामिया मिडिल स्कूल और जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया